[श्री यमुना प्रसाद शास्त्री]

लेंगे, ताकि यह जनमत जानने के लिए चला जाये, उसके बाद फिर इस पर चर्चा करें, और हिन्दुस्तान की जनता वह स्वर्णिम दिन देखे, जब हिन्दुस्तान के प्रत्येक व्यक्ति को काम का मौलिक अधिकार मिल जाये और उसके लिए भविष्य की कोई अनिश्चितता न हो, और यह जान कर वह यह अनुभव करे कि वर्तमान संसद् ने देश को एक अमर वरदान दिया है ।

मुझे विश्वास है कि विधि मंत्री इस विधेयक को जनमत जानने के लिए प्रसारित करने सम्बन्धी श्री कामत के संशोधन को स्वीकार करेंगे ।

सभापति महोदय : इस विधेयक के सम्बन्ध में तीन संशोधन आये हुए हैं : एक श्री लक्ष्मी नारायण नायक का, दूसरा श्री हरि विष्णु कामत का और तीसरा श्री बी० पी० मण्डल का । पहला है श्री लक्ष्मी नारायण नायक का सर्कुलेशन । क्या श्री नायक अपना मोशन प्रेस कर रहे हैं ?

श्री लक्ष्मी नारायण नायक (खुजराहो) : मैं प्रेस करना चाहता हूं ।

श्री यमुना प्रसाद शास्त्री : मैं कामत साहब का संशोधन स्वीकार करता हूं । मैं समझता हूं कि उन का संशोधन अधिक वैज्ञानिक है क्योंकि उस में समय भी दिया है ।

सभापति महोदय : आप के कहने से नहीं होगा । श्री नायक को अपना वापस लेना पड़ेगा ।

श्री लक्ष्मी नारायण नायक : मैं अपना संशोधन वापस लेने की अनुमति चाहता हूं ।

Amendment No. 1 was, by leave, withdrawn.

सभापति महोदय : दूसरा है श्री हरि विष्णु कामत का ।

श्री शांति भूषण : मेरी प्रार्थना है कि वह भी वापस ले लें ।

श्री हरि विष्णु कामत : मैं वापस नहीं ले रहा हूं । उस पर मतदान होना चाहिए ।

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That the Bill be circulated for the purpose of eliciting opinion thereon by January 27, 1979." (2).

The motion was adopted.

MR. CHAIRMAN: The amendment of Shri B. P. Mandal is barred.

श्री यमुना प्रसाद शास्त्री : मैं सदन के प्रति बहुत नम्रता के साथ अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं समूचे हिन्दुस्तान के नवयुवकों की तरफ से कि हमारे सदन ने इस विधेयक को जनमत संग्रह के लिए प्रसारित करने का प्रस्ताव पास किया । इस के लिए मैं सदैव अनुगृहीत रहूंगा और कामत साहब को मैं धन्यवाद देता हूं ।

16.33 hrs.

INDIAN TRUSTEESHIP BILL

MR. CHAIRMAN: We now go on to the next item on the Agenda, viz. the Bill of Mr. Arjun Singh Bhadoria.

श्री अर्जुन सिंह भदौरिया (इटावा) : सभापति महोदया, मैं प्रस्ताव* करता हूं :

"कि ट्रस्ट नियमों की स्थापना तथा तत्सम्बन्धी विषयों का उपबन्ध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।"

मैं इस भारतीय ट्रस्टीशिप विधेयक को इस आशा और विश्वास के साथ पेश कर रहा हूं कि इस सदन के सभी पक्षों का समर्थन इस विधेयक को प्राप्त होगा ।

सही अर्थों में यह विधेयक आज से बहुत पूर्व ही गांधी जी के सही अनुयायियों की तरफ से आना चाहिए था । विस्फोट मुझे खुशी है आज आप के सभापतित्व में विधेयक को उपस्थित करने का अवसर हो रहा है, सच्चे माने में गांधीवादी होने के नाते । लेकिन दुर्भाग्य से गांधी जी की हत्या के पश्चात् गांधीवादी तीन भागों में विभाजित हो गए--(1) सरकारी गांधीवादी, (2) मठी गांधीवादी और (3) कुजात गांधीवादी । इस ट्रस्टीशिप के दर्शन पर सरकारी और मठी गांधीवादियों ने परमार्थ और सेवा के नाम पर निर्गुण चर्चा तो बहुत की, परन्तु कभी भी इन लोगों ने इस को सगुण रूप देने का प्रयत्न नहीं किया ।

सौभाग्य से लोहिया जी ने अपनी मृत्यु के पूर्व मार्च, 1967 में एक कुजात गांधीवाद के रूप में इस सदन में इंडियन ट्रस्टीशिप बिल पेश करने का प्रयत्न किया, परन्तु 12 जून 1967 को राष्ट्रपति महोदय ने इस बिल को यह कह कर वापस कर दिया कि यह मनी बिल है । इस के बाद 24 जून, 1967 को डा० लोहिया ने फिर से लिखा । लेकिन दुर्भाग्य से उस समय यह पेश नहीं हो सका । उस समय लोहिया जी ने अपने ड्राफ्ट बिल में निम्न स्टेटमेंट आफ आब्जेक्ट्स रखे थे :

---

*Moved with the recommendation of the President.

"Mahatma Gandhi had once said that when India became free all the capitalists would be given an opportunity of becoming statutory trustees. The Bill seeks to provide such an opportunity to the owners of large companies and proposes necessary provisions for the democratic management of the resultant trust corporations in accordance with the priciples of trusteeship formulated by Gandhiji. The provisions of the Bill are dintended to usher in peacefully an era of a socialist society. As the Planning Commission has observed in the Second Five Year Plan, a socialist society is built up not only solely on monetary incentives, but on ideas of service to society. It is necessary, therefore, that the worker should be made to feel that he is helping to build a socialist State. The provisions of the Bill are expected to promote increased productivity by giving the workers a sense of full and intelligent participation in the processes of production, purchases, sales and investments of the enterprise. This Bill is not a compulsory but a permissive measure enabling the present owners of large companies to transform their existing titles based on absolute rights into trust ownership."

यह 1967 में डा० लोहिया ने जो कहा था वह मैंने आपके समक्ष प्रस्तुत किया है ।

ट्रस्टीशिप के उद्देश्य और मंशा—इसके बारे में मैं संक्षेप में अपनी बात कह रहा हूं ।

मैं आज भारतीय ट्रस्टीशिप विधेयक, 1978 इस आशा और विश्वास के साथ पेश कर रहा हूं कि हमारे मार्गदर्शक गांधी जी के विचारों में हमें आज की समस्याओं का हल मिलता है । इस प्रकार की बढ़ती हुई पूंजीवादी व्यवस्था का खतरा गांधी जी के सामने था और उन्होंने इसके जवाब में जो ट्रस्टीशिप की व्यवस्था सुझाई थी—उसमें हथियार से घृणा और भय के बजाय पूंजीवादी व्यवस्था से प्रेम और गुस्से के हथियार से लड़ा जा सकता है । देश को इस पूंजीवादी व्यवस्था के दलदल से निकालने का ट्रस्टीशिप ही एकमात्र हथियार है । ट्रस्टीशिप का मुख्य उद्देश्य अहिंसक रीति से समाज व्यवस्था में आमूल परिवर्तन कर बराबरी की व्यवस्था स्थापित करना है । वर्तमान स्थिति में ट्रस्टीशिप ही एक मात्र साधन है अन्त्योदय का ।

आज जो आर्थिक गैर-बराबरी और अव्यवस्था है, मजदूरों में असंतोष व्यापक पैमाने पर फैल रहा है । अमीर गरीब के बीच की खाई बढ़ती जा रही है । सरकार को जनता की अपेक्षाओं और आशाओं को पूरा करने में पूरी सफलता नहीं मिल पा रही है । उसका हल ढूंढना ही होगा और इसके लिए बहुत प्रयत्न की जरूरत नहीं है । अब इसका एकमात्र उपाय ट्रस्टीशिप ही है ।

मानव अधिकारों की सुरक्षा और राजनीतिक अधिकारों की बराबरी की लड़ाई में मिली आंशिक सफलता ही सरकार को मजबूत बनाये रखने में सफल नहीं हो सकती है, जब तक कि भूख से परेशान गैर-बराबरी के शिकंजे में जकड़ी जनता को आर्थिक अधिकारों में बराबरी दिलाने की लड़ाई का जिम्मा सरकार पूरी मजबूती के साथ नहीं उठायेगी, तब तक समस्याओं का सुरसा जैसा बढ़ता मुख बन्द नहीं किया जा सकता । जब तक गांधी जी के विचारों को मानने का ढोंग करने वाली पिछली 20 वर्ष की सरकार ने गांधी जी के नाम पर सभी गैर-गांधीवादी कार्यक्रमों को चलाया और जिस का नतीजा आज इस विकट रूप में देश को भुगतना पड़ रहा है । कथनी और करनी का अन्तर रहा है, लेकिन जनता की क्रान्तिकारी अपेक्षाओं और आशाओं को पूरा करने के लिये समर्पित जनता सरकार को गांधी जी को समर्पित 24 मार्च, 1977 की शपथ को निभाना होगा । उन के प्रति समर्पित श्रद्धांजलि तभी सही अर्थों में मानी जायेगी, जब उन के सपनों में सदा रहने वाले 65 करोड़ भारत की जनता के चेहरे पर ममता, संपन्नता और सुख की मुसकान लहरायेगी ।

तानाशाही के बढ़ते शिकंजे से देश को मुक्ति दिलाने के संकल्प के साथ ही जनता सरकार ने देश के पिछड़े—सताये गरीबों के अंत्योदय की ऐतिहासिक जिम्मेदारी भी अपने ऊपर ली है । लोकतान्त्रिक परम्पराओं को पुनः स्थापित करने तथा उन को मजबूत बनाने के लिये प्रिवेन्टिव-डिटेन्शन जैसे कानून को समाप्त करना जनता सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम रहा है । किन्तु लोकतन्त्र को चिरस्थायी बनाने के लिये आर्थिक आजादी की व्यवस्था सब से पहली आवश्यकता है । लोकतन्त्र का आधार ही सामाजिक और आर्थिक बराबरी है । देश में लोकतान्त्रिक व्यवस्था बनाये रखने के लिये गांधी जी के सपनों के प्रति समर्पित हमारी सरकार का पहला उद्देश्य है कि वह जनता और देश को एकता के सूत्र में बांधते हुए एक उज्ज्वल भविष्य की तरफ ले जाये । सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय जनता को दिलाने पर ही गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार

[श्री अर्जुन सिंह भदौरिया]

और अविकास के कुचक्र से देश को उबारा जा सकता है । गांधी जी ने कहा था—अहिंसा पर आधारित उन के सपनों का समाज बराबरी पर आधारित समाज ही हो सकता है । गांधी जी के अहिंसा के समाज के मायने थे—ऐसा समाज जिस में किसी प्रकार का शोषण न हो, जिसे हम गर्व से कहें—शोषण मुक्त समाज । सभापति जी, ट्रस्टीशिप का अर्थ क्या है ? मैं इसे आप के समक्ष इस सदन में खण्डवार उपस्थित कर रहा हूं —

1. पूंजीवादी व्यवस्था को समतामूलक समाज व्यवस्था में परिवर्तित करना । इस के द्वारा पूंजीपतियों को अपने आप को सुधारने का मौका दिया जायगा । प्रत्येक मानव मन परिवर्तित कर अधिक दयालु बनाया जा सकता है । अतः इस तरह की व्यवस्था से पूंजीपतियों को भी मौका मिलेगा कि वे शोषण की व्यवस्था तोड़ें और मजदूरों को उत्पादन प्रक्रिया में हिस्सेदारी दे कर एक लाभ के समान बटवारे की व्यवस्था को स्वीकार करें । यह समतामूलक समाज की तरफ पहला कदम होगा ।

2. किसी भी तरह की व्यक्तिगत सम्पत्ति की समाप्ति करना, सिर्फ सामाजिक आवश्यकता के आधार पर ही किसी प्रकार की सम्पत्ति का संचय स्वीकार किया जा सकता है । किन्तु यह आवश्यक होगा कि इस प्रकार की सम्पत्ति से सारे समाज का फायदा हो ।

3. कोई भी व्यक्ति अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिये न तो सम्पत्ति संचित कर सकेगा और न ही उस का अपने व्यक्तिगत संतोष के लिये उपभोग कर सकेगा । सम्पत्ति पर सारे समाज का हक होगा और उस का उपयोग समाज की भलाई के लिये ही किया जायगा ।

4. ट्रस्टीशिप का एक अन्य महत्वपूर्ण उद्देश्य पूंजीपति और मजदूरों के बीच में सद्भाव पैदा करना भी है । जिस की प्राप्ति के लिये एक निश्चित मजदूरी तय की जाती है । मजदूरी निश्चित तौर पर मजदूर की सभी सामान्य जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने के योग्य हो । साथ ही समाज में हर व्यक्ति को पुष्ट होने वाली आय पर भी सीमा बांधी जानी चाहिये । सब से कम आय प्राप्त करने और सब से ज्यादा आय प्राप्त करने वाले की आमदनी के बीच की दूरी कम से कम होनी चाहिये और बराबर यह प्रयत्न किया जाना चाहिये कि दोनों के बीच की दूरी घटती जाय जिस से कि समाज में गैर-बराबरी और शोषण की व्यवस्था हटा कर बराबरी और समतामलक समाज की व्यवस्था लाई जा सके । यह दूरी एक और बीस, फिर एक और पन्द्रह और घटते घटते स्किल्ड लेबर और आर्डनरी लेबर में अधिक से अधिक एक और दस तक की आय ।

5. गांधी जी के ट्रस्टीशिप व्यवस्था की जो सब से महत्वपूर्ण मान्यता थी, वह उत्पादन की व्यवस्था के विषय में उन का सोच था । समाज में उन्हीं वस्तुओं का उत्पादन किया जाना चाहिये, जितनी समाज को आवश्यकता हो । पूंजीपतियों की व्यक्तिगत इच्छा, स्वार्थ और सुविधा के आधार पर चल रही उत्पादन व्यवस्था बंद की जानी चाहिये ।

गांधी जी ने साफ तौर पर कहा था—पूंजीपतियों के सामने अपनी भलाई का एकमात्र रास्ता है कि वह अपनी अतिरिक्त अर्जित पूंजी को समाज को समर्पित कर दे, और यदि उन्होंने ऐसा नहीं किया तो भूखी, परेशान, उपेक्षित जन-शक्ति एक दिन अवश्य जगेगी और अपने हक पर कब्जा करने के लिये आगे बढ़ेगी । ऐसे में कितनी भी शक्तिशाली सरकार क्यों न हो, वह जन-उफान को सेना की शक्ति का इस्तेमाल कर के भी नहीं रोक पायेगी ।

ट्रस्टीशिप के मूल में अहिंसा, आत्म-नियंत्रण, आत्म-निर्भरता और प्रति उत्पादक यूनिट की स्वायत्तता निहित है । पूंजीपतियों के पास जो अतिरिक्त सम्पत्ति जमा होती जा रही है, उस का समान वितरण ही गरीब-अमीर की गैर बराबरी की बढ़ती खाई को भरने के संभव हो सकेगा ।

सरकार की आर्थिक और राजनीतिक सत्ता का विकेन्द्रीकरण कर उद्योगों को ग्रामोन्मुख बनाना, समतामूलक, जन कल्याणकारी राज्य की स्थापना में पहला कदम है । अब मुझे अपेक्षा है कि गांधी का सुझाया ट्रस्टीशिप का यह रास्ता अपना कर हम अपने उद्देश्य के प्रति दूसरा और महत्वपूर्ण कदम बढ़ायेंगे ।

सभापति जी, इसी सिलसिले में लोकनायक जय प्रकाश जी ने भी कुछ कहा है ।

In a publication recently issued by the Trusteeship Foundation, Bombay, Shri Jayaprakash Narayan has said:

"It must be admitted that no progress has been made in spelling out either in theory or in practice Gandhiji's seminal concept. .... the theoretical foundations and the juridical and practical procedures and forms for running economic enterprise in accordance with the spirit of trusteeship have yet to be worked out by us."

Even before this Shri Jayaprakash Narayan has, among others, justified the need for giving legislative sanction to the Gandhian concept to trus-

teeship. Writing in *Bhoodan* of October 21 1967, he has said:

"There is at times a misunderstanding found as to the relation of Gandhian ideals to law. It is thought his ideals have nothing to do with law, so much so that if they were expressed through law, they lost their ethical validity. This is a mistaken view. It is only just and proper that when a certain ideal has come to be widely accepted and acted upon, it should receive the imprimatur of law. Referring to his idea of trusteeship (which by the way is what *Bhoodan* is in essence), Gandhiji often spoke of its being eventually regularized by law. That, indeed, is what has been happening in the course of the *Bhoodan* Movement, when *Bhoodan* and *Gramdan* have both been given legal recognition and Status by appropriate legislation."

Several attempts have been made so far to introduce legislative proposals in Parliament, but none has reached the statute book.

मैंने बहुत ही संक्षेप में ट्रस्टीशिप के सम्बन्ध में जो गांधी जी के, लोहिया जी के, जय प्रकाश जी के विचार थे, राय थी उसको आपके समक्ष प्रस्तुत किया है । आज आप देश की स्थिति को देखें । हमारा देश भयंकर खतरों में से हो कर गुजर रहा है, भयंकर संकटों के दौरे से गुजर रहा है और उनको देखते हुए ऐसा लग रहा है कि अगर देश को इन संकटों से बचाना है तो हम को हर हालत में इस विधेयक को कानून का रूप देना होगा । आर्थिक संकट गहरा होता चला जा रहा है । साथ ही साथ सामाजिक संकट इतना बढ़ रहा है कि मुल्क खतरे के बिलकुल ही नजदीक एक ऐसी दीवार पर खड़ा हो गया है कि यह खतरा कभी भी इस देश को किसी बड़े गड्ढे में गिरा सकता है । चाहे सामाजिक गैर बराबरी हो अथवा आर्थिक गैर बराबरी इन दोनों गैर बराबरियों को दूर करने के लिए हम अपने देश में ऐसी व्यवस्था स्थापित करें जिस में न हिंसा हो, और न जबर्दस्ती हो बल्कि हम प्रेम से, स्नेह से देश में एक ऐसा वातावरण पैदा कर सकें और करें कि जिस के आधार पर देश को बचाया जा सके और मुल्क को आगे बढ़ाया जा सके । यदि आर्थिक समस्याओं को शीघ्र हल नहीं किया गया तो आपकी नक्सलपंथियों के बढ़ने के बहाने की बात देश नहीं सुनेगा। देश हिंसा का रास्ता अपनाये या अहिंसा का आपके ऊपर (शासन पर) निर्भर करता है ।

मुझे अभी आपके समक्ष इस विधेयक को प्रस्तुत करते समय इतना ही इस सम्बन्ध में कहना है ।

MR. CHAIRMAN: Motion moved:

"That the Bill to provide for establishment of Trust Corporations and for matters connected therewith, be taken into consideration."

*SHRI A. SUNNA SAHIB (Palghat): Madam Chairman, all of us in this House should commend the laudable efforts of my hon. friend, Shri Arjun Singh Bhadoria, who has introduced the Indian Trusteeship Bill through which he has attempted to translate into reality Mahatmaji's dream of ushering in an era of socialist society through peaceful means.

Mahatma Gandhi did not formulate his concepts sitting in an air-conditioned attic room. Living with the people of the soil, understanding their day to day problems of life, he tried to conceptualise solutions. The father of the nation was a humanist from first to last. He wanted the citizens of the country to become active participants in the building of an egalitarian society. Before he could concretise his concepts, Mahatmaji was removed from our midst.

Pandit Jawaharlal Nehru on the eve of Independence said that when the whole world slept India got awakened. Panditji tried to follow in the footsteps of Mahatma Gandhi, particularly in the matter of inculcating the spirit of social service among the people of the free nation. But, unfortunately, during the period 1947—1978, the path of economic growth has been paved not with the persuasive principles of Mahatmaji but with the perversive ideas borrowed from alien

*The original speech was delivered in Tamil.

[Shri Sunna Sahib]

sources. Consequently we have gone astray and alienated ourselves from the day to day problems of our people. Mahatmaji said that trusteeship is the backbone of all economic activities. Instead of strengthening the backbone, we have allowed the growth of private capitalism in the country. A few minutes before this House discussed Mr. Shastri's Bill seeking to incorporate right to work in the Constitution. Gandhiji used to give a pre-eminent place to the concept of dignity of labour, which in other words meant 'right to work' for every citizen enabling him to realise the dignity of labour. Here also we have not enabled our countrymen to realise the dignity of labour by providing job opportunities to all the unemployed in the country, whose number has gone to 41 millions. I need not say that in this also our economis development programmes play a pivotal role.

The assets of 20 monopoly industrial houses have in the course of three decades gone up to Rs. 3000 crores. You will be surprised to know that the public sector financial institutions have help them with a loan of Rs. 2,400 crores. These monopoly industrial houses multiplied and maximised their profits at the cost of the people. This is no occasion to enumerate the dubious ways in which they manage to go scot free from governmental constraints. These houses have been the paradise for their kith and kin.

I would refer to Clause 30 of this Bill which says that any private entrepreneur may set up a new Trust Corporation by investment of fifty per cent in the share capital, provided the Central Government or the State Government concerned agrees to subscribe the remaining fifty per cent of the share capital subject to the condition that the total equity capital does no exceed Rs. 20 lakhs. Has this happened so far in our country? We have the Monopolies and Restrictive Trade Practices Commission. Yet our private sector capitalists are ingenius to circumvent the statutory compulsions. Their prime motive has not been service to people but to make them servitors. Personal gain is the sole consideration and the good of the society is beyond their ken.

Now, let me turn to investment in public sector. We have invested so far a massive sum of Rs. 30,000 crores. Have the public sector industrial institutions produced any return on this money, which could be used for social development? Unfortunately the answer is in the negative. Here also the stranglehold of bureaucrats has sniffed out such possibilities.

It may not be an exaggeration to say that social good has been the victim in both the cases. The coal-mines, when they were in the private sector, were being exploited full; but they have started showing losses under the management of public sector corporation. The ineptitude and callousness of those in charge of such public sector units in the matter of materials management have led to this regrettable consequence.

Mahatmaji talked of village industries. He wanted every one to wear Khadi, not merely as a sign of patriotism but also as a symbol of self-reliance, which meant wide-spread job opportunities throughout the country. By emphasising the establishment of village industries, he wanted to ensure the economic upliftment of rural areas of the country. Mahatmaji used to say that the man who keeps a paise more than his requirement is a black-marketeer. He was sure of his ground that a society would grow only on the basis of selfless service of those who constitute it. Unless the workers were encouraged to take full interest in the various activities of the industry such as production, purchase, sales and investment, there would not be that environment for both economic development and social upliftment. Only Trusteeship would primarily provide such a conducive climate. The concept of Trusteeship makes it abundantly clear that a Socialist

Society could be built not merely by monetary incentives but by the spirit of social service. Gita lays so much emphasis on the concept of detachment. Unless detachment becomes the cardinal principle of our lives, there cannot be any chance for the growth of common good. Our poet-patriot Bharathiyar used to say that if the society does not prosper then the country cannot prosper. A society can grow only when its constituents show a sense of detachment. Shri Aggarwal has brought this out in a beautiful way in his book on Gandhian Economics. Shri Ramachandran has referred to this basis as inevitable for advancement of common interests. Now we find that cooperative institutions in the country are in total disarray because of the absence of this basis tenet. In these circumstances, the concept of trusteeship must be given its due importance in the scheme of Government's economic activities.

During the past 30 years it has been proved to the hilt that common good is subservient to personal growth so far as the capitalists are concerned. The public sector has not yet imbibed the spirit of social good. Dr. Sushila Nayar, who is fortunately in the Chair, is a disciple of Mahatma Gandhi and she knows the importance Mahatmaji attached to this concept of Trusteeship, which would provide an opportunity to all the capitalists in independent India to become legal trustees, which would enable the proprietors of big companies to convert their absolute ownership into trust ownership.

I am sure that the Government would unreservedly appreciate the spirit behind this laudable legislation and come forward on their own with such a Bill, if they do not want to accept this Private Member's Bill. I hope that this is the time to translate Mahatma Gandhi's ideals into reality. It is to be ensured that the wealth of the nation contributes to the common weal and does not become a means to fatten a few chosen ones. This can be achieved only through the provisions of Indian Trusteeship Bill as introduced by Shri Arjun Singh Bhadoria.

With these words, I apeal to the other Members of the House to lend their valuable support to this Bill.

17.00 hrs. Bby

डा० राजो सिंह (भागलपुर) : सभापति महोदय, मैं अपने माननीय और बुजुर्ग नेता, श्री अर्जुन सिंह भदौरिया, को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने एक बहुत ही सुन्दर विधेयक प्रस्तुत किया है । जैसा कि उन्होंने बताया है, ट्रस्टीशिप का विधेयक इस संसद् में 1967 में डा० राम मनोहर लोहिया ने लाया, लेकिन उसे राष्ट्रपति की स्वीकृति नहीं मिली । उसके बाद श्री जार्ज फर्नान्डीज ने 21-11-69 को यह बिल लाया था । फिर ट्रस्टीशिप पर एक दूसरा बिल श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 1975 में लाया ।

उसके बाद इस संसद् में तीन बिल ट्रस्टीशिप पर उपस्थित हुए । एक मेरा बिल था—जनता ट्रस्टीशिप बिल, दूसरा श्री भदौरिया का बिल था, जिस पर हम विचार कर रहे हैं, और तीसरा श्री उग्रसेन का बिल था । इस प्रकार संसद् में ट्रस्टीशिप के सम्बन्ध में छः विधेयक आये हैं ।

जब हम ट्रस्टीशिप के सम्बन्ध में चर्चा करते हैं, तो मेरे सामने जनता पार्टी के घोषणापत्र का मुख पृष्ठ है, जिस पर लिखा है : "रोटी और आजादी—दोनों चाहिए, एक गांधीवादी विकल्प ।" उसमें स्पष्ट लिखा हुआ है : "जनता पार्टी गांधी जी की आस्थाओं और उनके आदर्शों को समर्पित है । स्वाधीनता-संग्राम के दौरान जिन उदात्त निष्ठाओं ने हमारा मार्ग प्रशस्त किया था, उनके आधार पर ही एक लोकतांत्रिक और समाजवादी राष्ट्र का निर्माण करने के लिए जनता पार्टी कृतसंकल्प है ।"

मुझे बड़ी खुशी है कि कांग्रेस के माननीय सदस्य, श्री मुन्ना साहिब, ने भी इस का समर्थन किया है । मुझे विश्वास है कि जो भी व्यक्ति गांधीवादी निष्ठाओं में आस्था रखते हैं, वे इस विधेयक को अपना समर्थन देंगे ।

प्रश्न यह है कि सम्पत्ति का स्वामित्व किस के पास रहे । हमारे सामने दुनिया में दो तरह की व्यवस्थायें हैं—टू पोलर एक्सट्रीम सिस्टम्ज हमारे सामने हैं । आज विश्व दो आत्यंतिक ध्रुवों के आर्थिक सिद्धांतों से संचालित है । एक तरफ व्यक्तिगत पूंजी है, जिस का ज्वलंत उदाहरण

[डा० रामजी सिंह]

अमरीका है । दूसरी तरफ राज्य का पूंजीवाद है, जो हम साम्यवादी व्यवस्था में देखते हैं । वस्तुत: दोनों पूंजीवाद हैं : एक प्राईवेट केपिटलिज्म है और दूसरा स्टेट कैपिटलिज्म है । इस लिए आज हमें एक ऐसी अर्थ-व्यवस्था की कल्पना करनी है, जिस में इस तरह का केन्द्रीयकरण न हो कि व्यक्तिगत स्वातंत्र्य का हनन हो जाये । यही विश्व की समस्या है ।

जब हम इस विषय पर बात करते हैं, तो हमें गांधीजी की याद आती है । आज कुछ लोगों को यह शंका और संशय हो सकता है कि कहीं पूंजीवादियों के समर्थन के लिए तो यह बिल नहीं है । शायद ट्रस्टीशिप की मूलभूत मान्यताओं को उन्होंने समझा नहीं है । ट्रस्टीशिप का मतलब व्यक्तिगत सम्पत्ति का अधिकार नहीं है लुई फिशर ने लिखा है, और लास्ट फेज में प्यारेलाल ने भी लिखा है कि आजादी के बाद गांधी को पूछा कि आप किसानों के लिए क्या कहेंगे । तो उन्होंने कहा था कि हम कहेंगे किसानों को कि वह जमीन पर बढ़ जायें । फिर पूछा कि आप तब भूमि-पतियों को क्या कहेंगे, तो उन्होंने कहा कि I shall ask them to cooperate. यह बता दिया । जब बिरला साहब के पास गांधी जी बैठे हुए थे तो बिरला साहब ने पूछा था, गांधी जी से कि बापू, सब दिन तो आप अंग्रेजों से संघर्ष करते रहे, अब अंग्रेजों के जाने के बाद आप किस से संघर्ष करेंगे, तो उन्होंने स्पष्ट कहा था कि अब मैं तुम से संघर्ष करूंगा ।

इसलिए सचमुच गांधी जी को नहीं समझने के कारण ही हम उन के एकोनामिक रेडिकलिज्म को नहीं समझते हैं । इसीलिए ट्रस्टीशिप को हम पूंजीवादी सिद्धांतों के दायरे में समझने की कोशिश करते हैं ।

गांधी जी ने 1931 में ही कहा था :—

"As for the present owners of wealth, they would have to make their choice between war and voluntarily converting themselves into trustees of wealth. They would be allowed to retain the stewardship of their possession and to use their talent to increase their wealth, not for their own sakes, but for the sake of the nation and, therefore, without exploitation. The state would regulate the rate of commission which they would get commensurate with the service rendered and its value to society. Their children would inherit the stewardship only if they proved their fitness for it".

मैं नहीं समझता हूं कि गांधी जी के इस उद्धरण के बाद कोई भी संशय किसी को होना चाहिए कि गांधी जी किस प्रकार से सिद्धान्त विश्वास करते थे । प्रश्न यह है कि समाज-परिवर्तन तो होना ही है । परिवर्तन सृष्टि का नियम है । यह जो यथास्थिति सामने है इस को बदलना होगा । पर परिवर्तन किस प्रकार होगा ? एक परिवर्तन है विकास जो सौ वर्षों में होगा । वह नहीं चाहिए । आज तो हमें तत्क्षण और आकस्मिक परिवर्तन चाहिए जिस को सडेन फंडामेंटल चेंज कहते हैं, जिस को रेवोल्यूशन कहते हैं । ईवोल्यूशन नहीं रेवोल्यूशन चाहिए । लेकिन क्रान्ति की दिशा क्या होगी ? क्रान्ति किस प्रकार होगी ? क्या हिंसा से होगी या अहिंसा से होगी और यही मूलभूत प्रश्न है कि आज समाज के परिवर्तन के लिए अस्त्र कौन चाहिए ? हम ने देखा है कि में सचमुच समाज-परिवर्तन जब शस्त्र के द्वारा हुआ, हिंसा के द्वारा हुआ तो जनता के हाथ में सत्ता नहीं आई । हम ने देखा कि चार्ल्स प्रथम का सिर तो कटा लेकिन उस के नीचे से क्रामवेल जैसा डिक्टेटर पैदा हुआ । उसी तरह से फ्रांस की राज्य क्रान्ति में लुई तो खत्म हुआ। लेकिन वहां नैपोलियन जैसा राक्षस पैदा हुआ इसी प्रकार रूस में जार तो खत्म हुआ लेकिन स्टालिन जैसा तानाशाह वहां पैदा हुआ । इसीलिए यह निश्चित है कि जब हिंसा के माध्यम से समाज परिवर्तन का काम होगा तो जनता के हाथ में सत्ता नहीं आ सकती है । सत्ता आएगी ऐट दि बैरेल आफ दि गन तो गन जिस के पास होगी, तोप जिस के पास होगी उसी के पास सत्ता रहेगी । इसीलिए सचमुच में समाज परिवर्तन की दिशा क्या होनी चाहिए ? समाज परिवर्तन के विषय में जब हम सोचते हैं तब हम लोगों को सोचना है कि क्या उस के लिए अहिंसात्मक कोई अस्त्र नहीं हो सकता है ? भारतवर्ष की स्वतंत्रता इस बात का प्रमाण है कि अहिंसात्मक-रूप से समाज में परिवर्तन हो सकता है । इसी तरह जमींदारी एबालिशन हुआ कोई रूस की तरह हत्याकांड नहीं हुआ । देशी रजवाड़े खत्म हो गए, कोई हत्याकांड नहीं हुआ । भूदान और ग्रामदान में लाखों एकड़ जमीन दी गई, कोई हत्याकांड नहीं हुआ ।

केवल यह भारतवर्ष का ही इतिहास नहीं है समयाभाव के कारण मैं ज्यादा उदाहरण नहीं रख सकता । आज भारतवर्ष में गांधी जी की भूमि में ट्रस्टीशिप बिल पर बहस कर रहे हैं लेकिन प्रोफेसर शूमाकर के शिष्य शाउटेल जयप्रकाश जी के पास आए थे, उन्होंने कहा था कि इंडस्ट्रियल कामन ओनरशिप ऐक्ट 1976 में ब्रिटिश पार्लियामेंट में पास हो चुका है । प्रश्न यह है कि पूंजीवाद के जो दोष हैं वह भी सामने हैं और समाजवाद के जो दोष हैं वह भी सामने हैं । पूंजीवाद की जो अच्छाइयां हैं उत्पादकता और मितव्ययिता आदि वह भी सामने हैं । आज रूस का अर्थशास्त्री इसलिए रोता है कि प्रोडक्शन में इंसेंटिव नहीं है ।

आज इसीलिये पूंजीवादी अर्थशास्त्र के जो गुण हैं, उत्पादक अर्थ शास्त्र के गुण उद्यम, कुशलता, मितव्ययता, तत्परता चाहिये । समाजवाद के जो आवश्यक गुण हैं—वे भी हम को आने चाहिये । वहां शोषण नहीं, विषमता, दासता और असमानता का अन्त है । तो प्रश्न यह है कि दोनों सिद्धान्तों की अच्छाइयों को हमें लेना है । आज सचमुच में कोई अंध विश्वासों के क्षेत्र में नहीं रह सकता है । आज सचमुच में साम्यवाद के जहां गति-तत्व डाइनेमिक खत्म होगी, वहां से चलना चाहिये और पूंजीवाद भी जहां जीर्ण-शीर्ण पड़ गया है, वहां से आगे प्रारम्भ करना चाहिये । इस प्रकार दोनों ही सिद्धान्तों की अच्छाइयों का समन्वय करना चाहिये और दोनों ही सिद्धान्तों की बुराइयों को निराकरण करना चाहिये तथा दोनों से परे भावात्मक, बौद्धिक, सैद्धान्तिक आधार प्रस्तुत करना चाहिये । प्रश्न है— जो साम्यवाद है या कोई वाद है, वह किस के लिये है—

"सबार ऊपर मानुष सत्य ताहार ऊपर नाई ।"

इसीलिये आज यूरोप में भी डेमोक्रेसी और सोशलिज्म दोनों साथ-साथ आ रहे हैं । सचमुच में सत्ता जब आती है, तो उस के साथ निरंकुशता आती है —

"Power corrupts a man and absolute power corrupts absolutely."

इसीलिये लोगों को पागल करने के लिये राजसत्ता ही बहुत पर्याप्त होती है, परन्तु जिस राज्य के पास राजसत्ता और आर्थिक सत्ता दोनों का केन्द्रीकरण हो जाए, उस राज्य से तानाशाही के बीज निश्चित ही फैलेंगे । इसी लिये बापू जी ने कहा था—

"Violence of private ownership is less injurious than the violence of the State. However, if it is unavoidable I would support minimum of State ownership."

गांधी जी न किसी प्रकार के रूढ़ीवादी रहे, न व्यक्तिगत पूंजीवाद के गुलाम थे, न राज्य के समाजवाद के गुलाम थे । उन्होंने विश्व को एक नया आयाम और नया अध्याय दिया । इस लिये ट्रस्टीशिप की जहां तक बात है—हम कहेंगे कि केवल यही नहीं, दुनिया के दूसरे देशों में ट्रस्टीशिप के व्यवहार को अगर आप देखना चाहें, तो प्रो० शमाखेर की पुस्तक—स्माल इज ब्यूटिफुल—देखें । इस में उन्होंने कई बातें कही हैं—पूंजीवादी और साम्यवादी गति-तत्व समाप्त हो चुके हैं । इस लिये अगर मनुष्य सुख से जीना चाहता है और शान्ति से मरना चाहता है तो उसे ममता के साथ स्वतन्त्रता भी चाहिये, आजादी के साथ रोटी भी चाहिये । जयप्रकाश जी ने सम्पूर्ण क्रान्ति का आह्वान करते हुए कहा था:—

"There is no dichotomy between freedom and bread."

इसी लिये इन्दिरा गांधी ने उस समय जो कहा था—यह स्वतन्त्रता खत्म करने की बात नहीं है, स्वतन्त्रता और रोटी में कोई भी विरोधाभास नहीं है । आज आवश्यक है कि हम विदेशों के उदाहरण भी देखें । ब्रिटेन में "स्काट बार्डर कामनवेल्थ" 1951 में हुआ । समयाभाव के कारण मैं अधिक नहीं कह रहा हूं । जान-लूइस पार्टनरशिप जहां 2500 एम्पलाइज काम करते हैं, वहां हुआ । सैण्डर-लैंड में 1973 में भी छोटी सी कम्पनी में हुआ । रावन कम्यूनिटी में, 1965 में इण्डस्ट्रीयल कामन ओनरशिप एक्ट बना । यू०एस०ए० में भी सीयर्स रावक का उदाहरण आप के सामने है । वेस्ट जर्मनी में जीस फाउण्डेसन का उदाहरण है । स्वीडन में इन्डस्ट्रीयल डेमोक्रेसी है । जापान, मैक्सीको और यूगोस्लाविया में भी हुआ है ।

अध्यक्ष महोदय, सचमुच में हमारे सामने प्रश्न यह है कि हमें किस प्रकार के स्वामित्व के लिये क्या करना चाहिये ? मैं कभी नहीं मान सकता हूं कि व्यक्तिगत स्वामित्व चलना चाहिये । न तो यह हमारे संस्कृति में है, न हमारे लिये आवश्यक है और जनता पार्टी ने भी सम्पत्ति के मौलिक अधिकार को समाप्त करने के लिये अपने वचन को पूरा करने का प्रयास कर लिया है । इस लिये सम्पत्ति व्यक्तिगत नहीं है, सम्पत्ति किसी की नहीं है । इसी लिये उपनिषदों में कहा है —

"ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंच जगत्यांजगत् तेन त्येकेन भुजीं थाः ।"

गीता में भी स्पष्ट है "त्यक्त सर्व परिग्रहः" इसी तरह चाहे बाइबल हो या कुरान हो—वे व्यक्तिगत सम्पत्ति के पक्ष में नहीं हैं। जब ट्रस्टीशिप की बात हम करते हैं तो यह स्पष्ट करते हैं कि सम्पत्ति व्यक्ति की नहीं है, वह समाज की है । जैसा कि कम्यूनिस्ट मेनिफेस्टो में कहा गया है—

"Capital is a social power."

इसीलिये जब ट्रस्टीशिप की बात होती है तो यह स्पष्ट हो जाना चाहिये कि सम्पत्ति किसी व्यक्ति की नहीं है । सम्पत्ति सब रघुपति के राही । वह उस का उपयोग दूसरों के लिये करेगा, समाज के लिये करेगा । आज पब्लिक एन्टरप्राइजेज की क्या हालत है ? जो लोग उस काम को नहीं जानते, जिन को उस का अभ्यास नहीं है, उन के हाथ में ये चली जाती हैं, करोड़हा-करोड़ रुपये उन पर खर्च होते हैं—लेकिन परिणाम कुछ नहीं निकलता है । इसी लिये यह कहा जाता है कि जिन को इस की कुशलता मालूम है, जिन को इस की क्षमता है, उन के हाथ में दें और जैसा गांधी जी ने कहा है—उतना ही वह उस से लें, जितना समाज दे, वह पैतृक सम्पत्ति नहीं हो सकती है । इसीलिये गांधी जी के शिष्य—जिन को कुजात-गांधीवादी भी कहा जाता था—

[डा० रामजी सिंह]

डा० लोहिया स्टेचुटरी ट्रस्टीशिप की बात करते थे । अगर यह हो जाए, तो बहुत अच्छा है, यदि यह सम्भव न हो, तो "परमिसिव ट्रस्टीशिप" की बात को मान लेने में विधि मंत्री जी को कोई झिझक नहीं होना चाहिये । इस को तो मान ही लेना चाहिये, यदि नहीं मानते हैं तो हम कहेंगे कि जनता पार्टी के चुनाव घोषणा-पत्र के खिलाफ काम कर रहे हैं ।

गांधी जी ने यह भी कहा था—हिन्दुस्तान की आजादी के बाद अगर सम्पत्ति वाले अपनी स्वेच्छा से अपनी सम्पत्ति का वितरण नहीं करेंगे, तो हिन्दुस्तान में खूनी क्रान्ति होगी और उसे कोई नहीं रोक सकेगा । अहिंसा के पुजारी—विनोबा जी ने भी कहा था—अगर यह अहिंसक सामाजिक क्रान्ति विफल हुई तो फिर बाबा के दोनों हाथों में नंगी तलवार होगी । इस लिये मैं आप से निवेदन करूंगा—जब हम गांधी जी की ट्रस्टीशिप की बात करते हैं तो उस में व्यक्तिगत सम्पत्ति की कोई वकालत वह नहीं करते हैं, बल्कि वह तो कहते हैं—व्यक्तिगत सम्पत्ति तो हराम है ही । इस लिये, सभापति महोदया, ऐसी स्थिति में आप से यह कहेंगे, हमें सोचना चाहिये—आज जब हम गांधीवादी निष्ठा और आस्था के आधार पर व्यवस्था कर रहे हैं तो हमें "परमिसिव-ट्रस्टीशिप" को स्वीकार कर लेने में कोई संकोच नहीं होना चाहिये ।

